हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 20 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 पानी निकासी के लिए की गई नालियों की सफाई


13 पीने व निस्तारी के लिए समुचित मात्रा में पानी की ...




## खबर संक्षेप

### हल्दी के ग्रामीणों ने गांव में शराब भट्ठी खोलने के प्रस्ताव का किया विरोध

**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम हल्दी में पिछली ग्राम पंचायत के कार्यकाल के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्राम में शराब भट्ठी खोलने का प्रस्ताव तैयार किया था। लेकिन, अब वहां शराब भट्ठी खोलने का विरोध किया जा रहा है। इस संबंध में मंगलवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। वर्तमान सरपंच भागवत सिंह ठाकुर और जनपद सदस्य अश्वनी कटहरे के नेतृत्व में ग्रामवासियों ने एक स्वर में गाँव में शराब भट्ठी खोलने का विरोध किया। इस संबंध में प्रस्ताव पारित कर कलेक्टर को आवेदन देने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही ग्रामीण समिति का गठन किया गया, जिसका अध्यक्ष सेना के रिटायर्ड जवान नंद कुमार साहू को मनोनीत किया गया।

### गन्ना बिक्री की राशि अटकी, किसान ने कलेक्टर से लगाई गुहार

**बालोद।** ग्राम देवगहन निवासी लोकेन्द्र साहू को गन्ना विक्रय का भुगतान नहीं मिलने से समस्या हो गई है। भुगतान के अभाव में किसान बैंक से लिए कृषि ऋण का भुगतान नहीं कर पा रहा है, परेशान किसान ने गन्ना फसल की राशि प्रदान करने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि दंतेश्वरी मैया शक्कर कारखाना करकाभाट में 2267 क्विंटल गन्ना बेचा गया है, जिसमें सिर्फ 2,00,000 रूपए ही कारखाना द्वारा प्रदाय किया गया है। उन्होंने कहा कि मैंने एक निजी बैंक की राजनांदगांव शाखा से कृषि ऋण लिया है, जिस संबंध में बैंक द्वारा मुझे 22,15,135 रूपये तत्काल जमा करने नोटिस जारी किया गया है। अन्यथा मेरा खाता डिफाल्डर श्रेणी में होने जाने की पूरी संभावना है, जिससे मेरा सिविल स्कोर रिकार्ड खराब हो रहा है। इसलिए आपसे निवेदन है कि बिक्री किए गए गन्ना फसल की समर्थन मूल्य राशि 714105 रूपये तत्काल प्रदान की जाए।

### 13 अप्रैल को मनाई जाएगी कर्मा जयंती

**दुर्ग।** दुर्ग जिला साहू संघ एवं दुर्ग शहर तहसील साहू संघ के संयुक्त तत्वाधान में निर्णय लिया गया कि कर्मा माता की जन्म जयंती मानस भवन में 13 अप्रैल को मनाई जाएगी। जिसमें जिले भर के समाज के लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह आयोजन प्रतिवर्ष जिले के अलग अलग स्थानों में किया जाता है। इस वर्ष दुर्ग शहर में किया जा रहा है आयोजन में 1001 कलश यात्रा के साथ शुरुआत होगी। उसके पश्चात सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमे विभिन्न कार्यक्रमों के साथ अतिथियों का अगमन एवं सामाजिक जनों का विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान एवं समाज के प्रतिभाओं का सम्मान होगा।

अपराध : गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम खप्परवाड़ा में हुई दिल दहला देने वाली घटना

# जमीन विवाद में रिश्ते का खून, बड़े भाई ने छोटे पर कुल्हाड़ी से किया वार, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा/बालोद

बालोद जिले के गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम खप्परवाड़ा से जमीन विवाद में हत्या का मामला सामने आया है। जहां पर 10 डिसमिल जमीन के विवाद को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई की हत्या कर दी। सूचना मिलते ही गुंडरदेही थाने की टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी गई। प्रथम दृष्ट्या हत्या का मामला सामने आते ही बड़े भाई को पुलिस ने हिरासत में ले लिया और पूछताछ शुरू कर दी। पूछताछ में उसने अपना जुल्म कबूल कर लिया है। फिलहाल, पुलिस अब आगे की कार्रवाई कर रही है।

थाना प्रभारी मनीष शेंडे ने बताया कि मृतक का नाम राजकुमार मानिकपुरी 42 वर्ष है और हत्यारे बड़े भाई का नाम विष्णु मानिकपुरी उम्र 57 वर्ष है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मामला दर्ज कर हत्यारे भाई विष्णु राम मानिकपुरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इन दोनों के बीच लंबे समय से 10 डिसमिल जमीन के लिए विवाद चल रहा था और विवाद इतना बढ़ गया कि बड़े भाई ने छोटे भाई की हत्या कर दी। अब हत्यारा बड़ा भाई पुलिस की हिरासत में है।



पुलिस ने आरोपी बड़े भाई को किया गिरफ्तार, जेल दाखिल



### महज 10 डिसमिल जमीन बनी हत्या का कारण

बताया जा रहा है कि दोनों भाइयों में महज 10 डिसमिल जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसके कारण हमेशा विवाद होता रहता था। बुधवार को भी इसी बात को लेकर दोनों में विवाद शुरू हो गया, जो इतना बढ़ गया कि आरोपी बड़े भाई विष्णु राम मानिकपुरी ने अपने छोटे भाई राजकुमार मानिकपुरी पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वारकर उसे मौत के घाट उतार दिया।





### सहम गया है पूरा परिवार

इस घटना के बाद से पूरा परिवार सहम गया है, क्योंकि दोनों सगे भाई थे। पुलिस के अनुसार इसकी जांच करते हुए मामले को सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं हत्यारे भाई के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आरोपी विष्णुदास मानिकपुरी को पुलिस हिरासत में लेने के बाद जेल दाखिल किया गया।

# तहसील की सभी 78 पंचायतों के सचिव हड़ताल पर बैठे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

पंचायत सचिवों ने नियमितिकरण सहित विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ कर दी है। बुधवार को हड़ताल के दूसरे दिन तहसील के सभी 78 पंचायतों के सचिव हड़ताल पर बैठे।

प्रदेश ग्राम पंचायत सचिव संघ के प्रांतीय आव्हान पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पूरा नहीं करने के कारण पंचायत सचिव 18 मार्च से जनपद मुख्यालय में अनिश्चतकालीन हड़ताल प्रारंभ की है। संघ ने 1 अप्रैल को मंत्रालय घेराव किये जाने की घोषणा की है।

- संघ ने 1 अप्रैल को मंत्रालय घेराव करने की घोषणा की है

सचिव संघ ने कहा कि विधानसभा चुनाव वर्ष2023–24 में हुए चुनाव में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों के शासकीयकरण करने का वादा किया गया है, 1995 से कार्यरत पंचायत सचिवों को शासकीयकरण की गारंटी दी गई है। इस संबंध में 7 जुलाई 2024 को इन्डोर स्टेडियम रायपुर के सभागार में मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री, मंत्री महिला बाल विकास विभाग तथा घोषणा पत्र के संयोजक सांसद दुर्ग की उपस्थिति में पंचायत सचिवों के शासकीयकरण को शीघ्र ही पूरा करने का भरोसा देते हुए मुख्यमंत्री द्वारा मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए तत्काल कमेटी गठन करने की घोषणा करते हुए शासकीयकरण करने का भरोसा दिया गया।

मुख्यमंत्री की घोषणा अनुरूप 16 जुलाई 2024 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समिति गठन कर 30 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु उल्लेख किया गया था, उक्त आदेश के परिपालन में कमेटी द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के सबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है। किन्तु बजट सत्र में नहीं आने एवं इस विषय पर सरकार द्वारा कोई पहल नहीं करने के कारण पूरे प्रदेश के पंचायत सचिव आंदोलन की राह पर हैं।

आंदोलन में तहसील सचिव संघ अध्यक्ष पन्नालाल सिन्हा, उपाध्यक्ष चोवाराम साहू, सचिव बेनूराम गुरूवाणी, कोषाध्यक्ष योगेश साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य रोहित सिन्हा, टीकाराम निषाद, तोरण साहू, योगेश पाण्डेय, मोहित साहू, त्रिलोक पटेल, चन्द्रहास पटेल, शर्मिला जैन, पुर्णिमा साहू, आमिन कलिहारी, मुकेश्वरी साहू, त्रिवेणी गंजीर सहित सचिवगण उपस्थित थे।

# दल्लीराजहरा नपा की पीआईसी में दो वरिष्ठों के साथ 5 नए पार्षदों को स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर पालिका दल्लीराजहरा की पीआईसी का गठन हो गया है। नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने प्रेसिडेंट इन काउंसिल (पीआईसी) के सदस्यों की घोषणा कर दी है।

सभापति बनाए गए पार्षदों में से पांच पहली बार पार्षद बने हैं। दो पहले भी पार्षद रह चुके हैं। काउंसिल में सात विभागों की समीक्षा होगी। पीआईसी यानी प्रेसीडेंट इन काउंसिल अध्यक्ष द्वारा गठित की जाती है। इसमें निर्वाचित पार्षदों को शामिल किया जाता है। सचिव सीएमओ होते हैं। नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 43 धारा 70 के अंतर्गत कार्य का संचालन तथा प्राधिकारियों की शक्तियों एवं कर्तव्य नियम 1998 में निहित प्रावधानों के तहत प्रेसिडेंट इन काउंसिल का गठन कर पार्षदों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

प्रेसिडेंट इन काउंसिल के अध्यक्ष तोरण साहू एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सचिव होंगे। वहीं, प्रेसिडेंट काउंसिल के सदस्यों में संजीव सिंह को आवास पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह सुरेश जयसवाल को जल कार्य विभाग, अरुणा रामटेके को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, विशाल मोटवानी को राजस्व तथा बाजार विभाग, भूपेंद्र कुमार श्रीवास को खाद्य, नागरिक आपूर्ति, पुनर्वास तथा नियोजन विभाग सौंपा गया है। वहीं, शिवांगी ध्रुव को शिक्षा, महिला तथा बाल कल्याण विभाग और मनोज दुबे को विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग का दायित्व दिया गया है।



- नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने की पीआईसी की घोषणा
- पीआईसी में 5 पुरूषों के साथ 2 महिलाओं को भी दिया गया है प्रतिनिधित्व

# मधुमक्खियों के हमले में ग्रामीण घायल

**बालोद।** महुआ बीनने का सिलसिला शुरू होते ही जंगली जानवरों के हमले का खतरा भी बढ़ने लगा है। ऐसा ही कुछ चिहरो गांव में मंगलवार को हुआ। मिली जानकारी के अनुसार सुबह ग्रामीण हरिराम पर महुआ बीनने के दौरान मधुमक्खियों ने अचानक हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले के बाद ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस ▶▶| शेष पेज 12 पर

# खड़े ट्रक से टकराई बाइक, युवक की मौत

**बालोद।** पुरूर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बालोदगहन के पास सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से बाइक टकरा गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कांकेर जिले के कन्हारपुरी निवासी युवक गुरूर बालोदहन की ओर से अपने गांव जा रहा था। इस दौरान सड़क के किनारे खड़े ट्रक से टकराया गया। इससे उसे गंभीर चोट आई। आस पास के लोगों ने संजीवनी 108 की सहायता से घायल युवक को अस्पताल के लिए रवाना किया, लेकिन अस्पताल युवक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि सड़क किनारे खड़े ट्रक में कोई इंडीगेटर नहीं जल रहा था, जिससे युवक समझ नहीं पाया और सीधे जाकर उससे टकरा गया। वहीं, बताया जा रहा है कि युवक ने हेलमेट नहीं पहना था, जिसके कारण ट्रक से टकराने पर उसके सिर में गंभीर चोट आई, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। लोगों का कहना है कि अगर युवक ने हेलमेट पहना होता, तो शायद उसकी जान बच सकती थी, लेकिन लपरवाही ने उसकी जान ले ली।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह अप्रैल 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 मार्च 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार

1 तोला, 5 नग
सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार

1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार

2 नग
रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार

3 नग
LED TV
सांत्वना पुरस्कार

1100
कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____
नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।
हरिभूमि
ग्राहक प्रति
जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में दी गई जानकारी

# आरटीआई के लिए लिखित व स्पष्ट हो आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के निर्देशानुसार संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा से उपस्थित प्रशिक्षक प्रवीण झलानी ने जिले के अधिकारी-कर्मचारियों को सूचना के अधिकार अधिनियम की संकल्पना, इसके विभिन्न प्रावधानों तथा इस अधिनियम के बारिकियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि राज्य सूचना आयोग के निर्देशानुसार सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा जिला स्तर पर जन सूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों को इस अधिनियम के संबंध में समुचित जानकारी प्रदान कराने के अलावा इस अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं के निराकरण के उपायों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा जिले के प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं जन सूचना अधिकारी तथा अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यशाला में प्रशिक्षक प्रवीण झलानी ने बताया कि सूचना अधिकार अधिनियम के तहत आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले आवेदन लिखित एवं स्पष्ट होना चाहिए। इसके अलावा इस अधिनियम के अंतर्गत आवेदन में चाही गई जानकारी एक विषयवस्तु से संबंधित ▶▶| शेष पेज 12 पर



### 30 दिन के भीतर देनी होगी जानकारी

प्रशिक्षक प्रवीण झलानी ने कहा कि 30 दिनों के अवधि तक यदि जन सूचना अधिकारी के द्वारा जानकारी नहीं दी जाती है तो यह मान लिया जाता है कि जन सूचना अधिकारी जानकारी देने के इच्छुक नहीं है। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम के अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले आवेदकों को स्वयं की जानकारी निःशुल्क देना आवश्यक है। लेकिन उसे किसी अन्य व्यक्ति से संबंधित जानकारी 50 पेज और अधिकतम 100 रुपये तक की ही जानकारी निःशुल्क प्रदान की जा सकती है। उन्होंने बताया कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले आवेदकों को निःशुल्क चाही गई दस्तावेजों का अवलोकन कराना आवश्यक है।

**खबर संक्षेप**



## ट्रक ट्रेलर एसो. ने किया पुलिया की मरम्मत

**भिलाई।** भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने मंगलवार को ट्रांसपोर्ट नगर की पुलिया की मरम्मत का कार्य स्वयं के संसाधनों से संपन्न किया । यह पुलिया तांदुला नहर पर स्थित है, जो औद्योगिक क्षेत्र भिलाई और हथखोज, ट्रांसपोर्ट नगर को जोड़ती है। पुलिया की स्थिति लंबे समय से जर्जर थी, जिससे भारी वाहनों और स्थानीय नागरिकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने बताया कि भिलाई निगम और छग स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा समय पर मरम्मत न होने के कारण एसोसिएशन ने स्वयं इस कार्य को करने का निर्णय लिया। पदाधिकारी रोज सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक मरम्मत कार्य में सक्रिय रूप से शामिल रहे। यह पहल एसोसिएशन की सामाजिक जिम्मेदारी को दर्शाती है।एसोसिएशन ने बीएसपी प्रबंधन के साथ बैठक कर बोरिया गेट में पार्किंग की व्यवस्था, वीटीएस की कमी, सप्लाई की छोटी गाड़ियों के लिए अलग गेट की व्यवस्था तथा सभी गाड़ियों के सुव्यवस्थित आवागमन के लिए चर्चा की। प्रबंधन ने पार्किंग के लिए स्थान की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एसोसिएशन के सहयोग की अपेक्षा की।

## महिला पर हमला करने वाले पिता-पुत्र गिरफ्तार

**भिलाई।** प्राणघातक हमला करने वाले पिता पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 109, 296, 351(2), 115(2), 3(5) बीएनएस, 25 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।



सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि 17 मार्च को 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी एम. तुलसी ने शिकायत किया था कि पड़ोसी कृपाल सिंह से वर्ष 2024 में 5000 रूपये उधारी ली थी। पांच माह के भीतर उसे चुकाने की बात हुई थी। लेकिन कृपाल सिंह पूर्व ही अपना पैसा वापस मांगने लगा और पीड़िता द्वारा समय पर पैसा वापस कर देने की बात कहने पर कृपाल सिंह,जसपाल सिंह ने पैसे के बदले घर का सामान उठा कर ले जाने की धमकी दी। इस दौरान महिला के साथ गाली गलौज करते हुए धारदार हथियार तलवार से प्राणघात कर दिया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 32 एकड़ हाउसिंगबोर्ड जामुल निवासी कृपाल सिंग ,जसपाल सिंग को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। पुछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने धारदार हथियार तलवार जब्त किया है। कार्रवाई में जामुल टीआई कपिल देव पाण्डेय, प्रधान आरक्षक अनिल सिंह, आरक्षक रत्नेश शुक्ला, रूपनारायण बाजपेयी, चन्द्रभान यादव, जी. सामुएल, अतुल कुमार योगदान रहा है।

# धान की जगह सब्जी फसल लेकर बेहतर आमदनी ले रही हैं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विकासखण्ड गुरूर के छोटे से गांव खैरवाही में सीमित अवसरों और संसाधनों के बीच गांव की कुछ महिलाओं ने अपने घर की चारदिवारी से निकलकर अपने जीवन की कहानी को एक नया मोड़ दिया है। इन महिलाओं ने सब्जी बाड़ी के कार्य को चुनकर अपने जीवन को आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की राह पर लाया है।

ग्राम खैरवाही की कमला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने गांव में की जा रही पारम्परिक रूप से धान की खेती से हटकर सब्जी बाड़ी के कार्य को चुना, जिससे वे अब अपनी जरूरतों के साथ ही घर का खर्च भी वहन करने में सक्षम हुई हैं। समूह की सीता साहू ने बताया कि उनके समूह में कुल 10 महिलाएं हैं। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर अपने समूह को सशक्त बनाने का कार्य किया है। घरेलु महिलाओं को घर से बाहर ले जाने के साथ ही उन्हें बैंक से ऋण लेना, गांव में कृषि भूमि, सिंचाई का साधन, सब्जी की बुआई, उत्पादन सहित विक्रय हेतु सब्जी मण्डी तक परिवहन का कार्य करना, यह सब कार्य उन्होंने बिहान से जुड़कर सीखा है, जिससे आज उनके जीवन की कहानी में सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता एक नया अध्याय जुड़ा है।

## ग्राम खैरवाही में महिला स्व सहायता समूह की अनुकरणीय पहल

### 23 एकड़ कृषि भूमि में कर रही हैं खेती

समूह की महिलाओं ने बताया कि उन्होंने सब्जी बाड़ी के कार्य की शुरूआत छोटे स्तर से की थी, आज वे लगभग 23 एकड़ कृषि भूमि में खेती का कार्य कर रही हैं। जिसके लिए उन्होंने गांव के अन्य लोगों को भी काम पर रखा हुआ है। उन्होंने बताया कि मौसम के आधार पर वे सब्जी की फसल का उत्पादन करती हैं, जिससे उन्हें अच्छा उत्पादन और बेहतर मुनाफा होता है। पहले वे आसपास के बाजार में सब्जियों का विक्रय करते थे, लेकिन अब उत्पादन अधिक होने से बालोद सहित धमतरी और चारामा के सब्जी मंडी में भी उत्पादित सब्जियों का विक्रय करते हैं। वर्तमान में उनके द्वारा भिण्डी, कुम्हड़ा, लौकी, गोभी, ककड़ी आदि का उत्पादन किया जा रहा है।



### जिपं सीईओ ने किया बाड़ी का अवलोकन

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने महिलाओं द्वारा किए जा रहे सब्जी बाड़ी उत्पादन के कार्य का जायजा लिया। डॉ. कन्नौजे ने कहा कि जिले में मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत महिलाओं को समय समय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा उन्हें आजीविकामूलक गतिविधियों से जोड़कर सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## जिला शहरी विकास अभिकरण की बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# पीने व निस्तारी के लिए समुचित मात्रा में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी नगरीय निकायों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। जिससे की आम नागरिकों को आवश्यक चीजों की प्रबंध करने में किसी भी प्रकार की कठिनाईयों का सामना न करना पड़े।

चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित जिला शहरी विकास अभिकरण की समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए। इस दौरान चन्द्रवाल ने ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर जिले के सभी नगरीय निकायों के सभी वार्डों में पेयजल एवं निस्तारी हेतु समुचित मात्रा में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को कार्य योजना बनाकर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में चन्द्रवाल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों से जिले के नगरीय निकायों में वर्तमान में उपलब्ध विभिन्न मदों में उपलब्ध राशि की जानकारी एवं अधोसंरचना, केन्द्र एवं राज्य परिवर्तित, 15वें वित्त आयोग अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता सर्वेक्षण, नगरीय निकायों में साफ–सफाई एवं पेयजल व्यवस्था के साथ–साथ राजस्व वसूली की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की।



### साफ-सफाई के लिए जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करें

बैठक में चन्द्रवाल ने अमृत मिशन के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने अमृत मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने नगरीय निकाय में साफ–सफाई की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सभी नगरीय निकायों में साफ–सफाई हेतु जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने नगरीय निकायों में राजस्व वसूली की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा कराने के निर्देश भी दिए। चन्द्रवाल ने नगरीय निकायों के व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु अधिकारियों से आवश्यक सुझाव भी लिए।

### समस्याग्रस्त वार्डों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की ली जानकारी

चन्द्रवाल ने नगरीय निकायों में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए ग्रीष्मकाल के दौरान सभी वार्डों में समुचित मात्र में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु बनाए गए योजना के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने इस कार्य की नगरीय निकायवार समीक्षा करते हुए समस्याग्रस्त वार्डों को चिन्हित कर वहाँ पर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु की गई व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के द्वारा इन स्थानों पर टैंकर एवं अन्य माध्यमों से पानी की आपूर्ति करने की जानकारी दी। बैठक में श्री चन्द्रवाल ने नगरीय निकायवार अधोसंरचना मत के अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने प्रारंभ, अप्रारंभ एवं प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेते हुए कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश भी दिए।

## हीरा बस सर्विस का मालिक पुलिस गिरफ्त में, धोखाधड़ी का मामला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एक ही नंबर के दो बस चलाने के मामले में पुलिस ने संचालक के खिलाफ धारा 318 (4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि हीर बस सर्विस की दो बसे सीजी 7 ई 0872 नाम से सड़क पर दौड़ने की शिकायत एसपी जितेन्द्र शुक्ला से लिखित में की गई थी। इस दौरान एसपी ने सीएसपी हरीश पाटिल और जामुल टीआई कपिल देव पांडेय को इसका प्वाइंट दिया। जामुल पुलिस की टीम लेकर सड़क पर रवाना हुई और बस को जब्त कर थाने लेकर पहुंची। जिसका संचालक डोंगरगांव निवासी मानसिंह है, भिलाई में एसीसी चौक के पास भी आरोपी का हीरा ट्रांसपोर्ट के नाम से ऑफिस है। आरोपी ने टैक्स बचाने के लिए एक नंबर की 2 नंबर प्लेट बनाकर ट्रैक्स बचा रहा था। जामुल पुलिस को जानकारी मिली तो टीम के साथ बेरला रोड मुंगेरा के ठेंगाभाठ पहुंचे और ड्राइवर के घर से 40 सीटर बस को जब्त किया। पुलिस ने जब ड्राइवर को थाने में पूछताछ करना शुरु किया तो उसने एक नंबर प्लेट से दो बस में लगाने की बात को स्वीकार किया।बस के पकड़ने जाने के बाद आरोपी ने छुड़ाने के लिए जमकर बवाल किया। मौके पर रात में थाने में कई ट्रांसपोर्टर समेत जनप्रतिनिधि भी पहुंचे थे। पुलिस ने मान सिंह को पकड़ लिया है।

- जामुल पुलिस ने किया कार्रवाई

## मोबाइल गुमने के बाद खाते से लाखों की ठगी

**भिलाई।** मोबाइल गुमने के बाद खाते से लाखों रुपए की ठगी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 318 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि क्वा नं 19 ए, स्ट्रीट 2 सेक्टर 1 निवासी अशोक कुमार कुशवाहा के मोबाइल 12 दिसंबर 2024 को पावर हाउस सब्जी लेने गया था और गुम गया था। इस दौरान पीड़ित के एसबीआई के खाते से अज्ञात ने 17 ट्रांजेक्शन कर 1 लाख 49 हजार 279 रूपये का ऑन लाइन पार हो गया। जिसकी शिकायत सायबर पोर्टल में की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## महापौर नीरज ने एमआईसी में किया फेरबदल, पर्यटन सलमान के जिम्मे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिका निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल ने मंगलवार की देर शाम अपनी महापौर परिषद में फेलबदल किया है। इसके साथ ही वार्ड 35 से पार्षद इंजी. सलमान को एमआईसी मेंबर बनाया है। उन्हें संस्कृति, पर्यटन, मनोरंजन एवं विरासत संरक्षण विभाग दिया गया है। पूर्व में इस विभाग की जिम्मेदारी वार्ड-39 से पार्षद रीता सिंह गेरा संभाल रही थीं। उन्हें महिला एवं बाल विकास विभाग दिया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग पहले मीरा बंजारे संभाल रही थीं, जिन्होंने 9 महीने पहले पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से एमआईसी का यह पद रिक्त था। महापौर नीरज पाल ने मंगलवार की देर शाम ये दोनों नियुक्तियां की। बता दें कि निगम में 14 एमआईसी मेंबर हैं। निगम के कार्यों को सुचारु रूप से चलाने के लिए महापौर ने परिषद का गठन किया गया है। महापौर ने अपनी एमआईसी में मन्नान गफ्फार खान को वित्त, लेखा एवं अंकेक्षण विभाग की जिम्मेदारी दी है।

## पेज 11 के शेष

### मधुमक्खियों के हमले ...

को सूचना दी, जिसके बाद घायल को डौंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर राजनांदगांव रेफर कर दिया है। बताया जा रहा है कि हरिराम सुबह-सुबह महुआ बीनने जंगल गया हुआ था, तभी वहां मधुमक्खियों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। इस हमले में वह बुरी तरह घायल हो गया है।

### आरटीआई के ...

होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आवेदक को आवेदन पत्र के साथ 10 रुपये का शुल्क अनिवार्य रूप से जमा करना आवश्यक है। इस दौरान प्रशिक्षक द्वारा अधिकारी–कर्मचारियों को प्राप्त आवेदन पत्र के जवाब देने के प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि कार्यालय में आवेदन पत्र प्राप्त होने के तिथि के पहले की जानकारी देना होता है। पत्र प्राप्त होने के बाद की जानकारी नही दी जा सकती है।

# होली मिलन समारोह में जुटा गंधर्व गाड़ा समाज

## नगर के वार्ड क्रमांक 3 में किया गया कार्यक्रम का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

छत्तीसगढ़ गंधर्व गाड़ा समाज दल्लीराजहरा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन सामाजिक भवन एमव्हीटी सेंटर के सामने वार्ड नंबर 3 में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू थे।

अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष देवचंद टांडिया ने की। विशिष्ट अतिथि संजीव सिंह पार्षद वार्ड नंबर 4 थे। समाज के आराध्य देव चित्र रथ गंधर्व महादेव एवं मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। स्वागत भाषण समाज के अध्यक्ष देवचंद टांडिया ने दिया। गंधर्व (गाड़ा) समाज के महिला अध्यक्ष सरस्वती सार्वा के नेतृत्व में नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें उन्होंने जर्जर हो चुके सामाजिक भवन को तोड़कर बड़े रूप में बनाने की मांग की गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने कहा कि होली त्यौहार का मतलब होता है कि हम अपने दुर्गुणों को होलिका दहन में नष्ट कर अच्छे गुना को धारण करें। उन्होंने कहा कि जब भी आप लोगों को किसी भी चीज की जरूरत पड़ेगी, आप लोग सहर्ष नगर पालिका आइए, जो सिस्टम में होगा उसे अवश्य पूरा करेंगे और नहीं होगा उसे बनाने का प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि लेकिन सरकार की जो संरचना है, उससे हम लोग बाहर नहीं जाएंगे। आप लोगों ने भवन की मांग रखी थी, लेकिन यहां पानी की भी समस्या है। मैं आप लोगों को वादा करता हूं कि एक बोर खनन आपके गंधर्व समाज के लिए भी होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्षद संजीव सिंह ने कहा कि दल्ली राजहरा में विकास के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य सरकार के साथ मिलकर दल्ली राजहरा का विकास करेंगे।

### फाग गीतों की शानदार प्रस्तुति से बांधा समां

रामचंद्र टांडिया, पुष्पा बाई बघेल, जयंती बाई देवदार और गायत्री महानंदा ने फाग गीतों की शानदार प्रस्तुति से समां बांध दिया। आभार प्रदर्शन कांतिलाल ने किया। कार्यक्रम में गंधर्व गाड़ा समाज के अध्यक्ष देवचंद टांडिया सचिव साधुराम सुरेंद्र कार्यकारिणी अध्यक्ष भूपेंद्र ग्वाल कांतिलाल बघेल राजेश सोनवानी पंडित राम बघेल अजय सोनवानी सुनील महानंदा बलराम कैरेत हीरालाल पवार महिला अध्यक्ष सरस्वती सार्व उपाध्यक्ष पार्वती सुरेंद्र सचिन भुवनेश्वरी सोनवानी पुष्पा बाई बघेल गौतम बाई लक्ष्मीबाई ग्वाल तुलसी सार्व गायत्री महानंदा एवं समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री सूजान सिंह आ. आत्माराम जाति कंवर निवासी आरबीरा पोस्ट मुसराकला तह डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छत्तीसगढ़) ने विक्रेता कुमार आ. गोविंदराम जाति हल्बा निवासी, पोस्ट व तहसील डौंडीलोहारा जिला बालोद ने अपने मालिकाना हक व स्वामित्व की भूमि पुराना प्रचिलित आबादी भूमि खसरा नं 1285 रकबा 672 वर्ग फुट 48X14=672 वर्गफुट ग्राम, डौंडीलोहारा प.ह.नं. 37 रा.नि.म. व तह. डौंडीलोहारा जिला बालोद मे स्थित भूमि का विक्रय करने का पक्का सौदा कर लिया हैं, केवल विक्रय विलेख के निष्पादन की औपचारिकताये शेष हैं।

उपरोक्त संव्यवहार के संबंध मे किसी व्यक्ति, व्यक्तियों की संस्था, बैंक वित्तीय निकाये, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्थान को किसी भी प्रकार का उजर दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालीन पते पर प्रस्तुत कर देवे समयावधि उपरांत की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और विक्रय विलेख का पंजीयन कर दिया जावेगा सो सूचना जाने।

दिनांकः 19-03-2025

**विनोद कुमार शुक्ला (अधिवक्ता)**
**पूर्व अध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ राजनांदगाँव, ब्राह्मण पारा, गांधी चौक, राजनांदगाँव**
**मोः 9424126898**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री अशोक शर्मा आ. मेघराम शर्मा निवासी सिंघदई, मोहारा चौक, तह व जिला राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) ने विक्रेता श्रीमती शिखा गांगुली पति श्री प्रभात गांगुली निवासी मार्री बंगला देवरी, मेलोड़ी ईलेक्ट्रिकल्स डोंगरगांव रोड आरा मशीन के सामने , पोस्ट मार्री बंगला देवरी तह मार्री बंगला देवरी जिला बालोद छत्तीसगढ़ ने अपने नाम स्वामित्व एवं आधिपत्य की आवासीय पक्का मकान स्थित ग्राम खैरा पहनं, रानिम 11 मार्री बंगला तह मार्री बंगला देवरी जिला बालोद में भूमि खसरा नं 127/1मे से क्षेत्रफल 1305 वर्ग फुट स्थित भूमि को विक्रय करने पक्का सौदा कर लिया हैं, केवल विक्रय विलेख के निष्पादन की औपचारिकताये शेष हैं।

उपरोक्त संव्यवहार के संबंध मे किसी व्यक्ति, व्यक्तियों की संस्था, बैंक, वित्तीय निकाये, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्थान को किसी भी प्रकार का उजर दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालीन पते पर प्रस्तुत कर देवे समयावधि उपरांत की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और विक्रय विलेख का पंजीयन कर दिया जावेगा सो सूचना जाने।

दिनांक : 19.03.2025

**विनोद कुमार शुक्ला (अधिवक्ता)**
**पूर्व अध्यक्ष**
**जिला अधिवक्ता संघ**
**राजनांदगांव ब्राह्मण पारा, गांधी चौक, राजनांदगांव**
**मो : 94241-26898**

## स्कीम वर्कर्स को कर्मियों के समान मिले वेतन व सामाजिक सुरक्षा, निजीकरण पर भी लगे रोक

# छह सूत्रीय मांगों को लेकर बीएमएस ने कलेक्टोरेट के सामने किया जंगी प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सरकारी संपत्तियों को बेचने पर रोक और कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ जिला दुर्ग के बैनर तले मंगलवार को कलेक्टोरेट के सामने पटेल चौक पर प्रदर्शन किया गया। इसमें बीएमएस से संबद्ध संगठनों के सदस्य, पदाधिकारी व निकायों तथा आंगनबाड़ी, आशा वर्कर आदि कर्मचारी शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से सौंपे गए ज्ञापन में बीएमएस कार्यसमिति समिति में पारित प्रस्ताव को सरकार के समक्ष पेश कर कर सभी मांगों को जल्द पूर्ण करने की मांग की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार द्वारा जल्द मांगें पूरी नहीं किए जाने पर आंदोलन किया जाएगा। बीएमएस नेताओं की अगुवाई में भिलाई नगर निगम, रिसाली, भिलाई तीन चरौदा व दुर्ग आदि निकायों व आंगनबाड़ी आदि विभागों के कर्मचारी नारेबाजी करते हुए रैली के रुप में 12 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचे । यूनियन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी के नाम कार्य समिति के बैठक में पारित प्रस्ताव की प्रति कलेक्टर को सौंपी। इसमें कर्मियों की न्यूनतम पेंशन को बढ़ाकर 1 हजार से 5 हजार किये जाने सहित महंगाई भत्ता से जोड़ने, पेंशन भोगी को आयुष्मान भारत की सुविधा, ईपीएफ की वेतन सीमा 15 हजार से बढ़ाकर 30 हजार रुपए व ईएसआईसी की वेतन सीमा 21000 रुपए से बढ़कर 42 हजार करने की मांग की गई है। साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने,बीमा/ वित्तीय क्षेत्र में 100% विनिवेश में रोक, स्कीम वर्कर्स (आँगनबाडी सहायिका, आशा वर्कर ) को सरकारी कर्मचारियों के समान वेतन एवं सामाजिक सुरक्षा देने,असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों के रोजगार की सुरक्षा, नियमतीकरण न्यायपूर्ण वेतन, सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना आदि मांगों को पूर्ण करने पर जोर दिया गया है। प्रदर्शन में बीएमएस के जिलाध्यक्ष मिथलेश विश्वकर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष रवि चौधरी, जिला मंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी, स्वायत्तशासी प्रदेश महामंत्री शरद दुबे, देवेंद्र चंद्राकर, अशोक शर्मा, यशवंत राव, नलनीश मिश्रा, शशि भूषण मोहंती, अनिल सिंह, विवेक रंगनाथ, रवि शंकर सिंह, अरविन्द सिंह, आरके पाण्डेय, ज्ञान सिंह राजपूत, शशी भूषण शर्मा, गुरमीत सिंग, वाल्मीकि सिंह आदि उपस्थित थे।



### पेंशनर्स की न हो उपेक्षा

बीएमएस नेताओं ने सामाजिक सुरक्षा सहित विभिन्न सुविधाओं को लेकर कर्मियों की उपेक्षा पर असंतोष जताते हुए केंद्र सरकार से जल्द सभी मांगों को पूर्ण कराने पर जोर दिया। मिथलेश वर्मा ने कहा कि केंद्र के बजट में कर्मचारी हित में बीएमएस के सुझावों पर अपेक्षानुरुप कार्यवाही नहीं की गई है। कार्यसमिति के प्रस्ताव से संबंधित मांगों को पीएम सरकार से जल्द पूर्ण करा राहत दिलाएं। शरद दुबे ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार सरकारी संपत्तियों के निजीकरण पर रोक लगाने के साथ ईपीएस 95 के तहत 75 लाख से अधिक पेंशनर्स को राहत प्रदान करने के साथ ज्ञापन की सभी मांगों को जल्द पूर्ण करे। आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की पदाधिकारी गुरमीत सिंग ने कहा कि स्कीम वर्कर्स को सरकारी कर्मियों के समान वेतन व सुविधाएं मिले, ताकि उनका मनोबल बढ़े। वाल्मीकि सिंह ने कहा कि मजदूरों को पर्याप्त वेतन के साथ सामाजिक सुरक्षा पर सरकार गंभीरता से ध्यान दे।


कौशल साहू
भाजपा मंडल अध्यक्ष
विरेन्द्र साहू
पूर्व विधायक
प्रीतम साहू
पूर्व विधायक
यशवंत जैन
पूर्व सदस्य राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग नई दिल्ली
कृष्णकांत पवार
पूर्व जिलाध्यक्ष
पवन साहू
पूर्व जिलाध्यक्ष
राकेश यादव
पूर्व प्रदेश मंत्री
यज्ञदत्त शर्मा
पूर्व न.पालिका अध्यक्ष बालोद
तारिणी चंद्राकर
अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद
तोमन साहू
उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद
नंद किशोर शर्मा
पूर्व न.पं. अध्यक्ष गुरूर
ईशा प्रकाश साहू
पूर्व ज.पं. अध्यक्ष गुरूर
लक्ष्मी साहू
नव निर्वाचित जि.पं. सदस्य
चंद्रिका गंजीर
नव निर्वाचित जि.पं. सदस्य
तेजराम साहू
नव निर्वाचित जि.पं. सदस्य
टुकेश्वर पाण्डेय
मंडल अध्यक्ष मिर्रीटोला
खेमलाल देवांगन
मंडल अध्यक्ष सनौद
आदित्य पिपरे
जिलाध्यक्ष भाजयुमो बालोद
जनपद पंचायत गुरूर में नवनिर्वाचित अध्यक्ष
श्रीमती सुनीता संजय साहू
एवं नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष
श्री दुर्गानंद साहू
एवं समस्त नवनिर्वाचित जनपद सदस्यगणों का
हार्दिक आभार
अभिनंदन...
श्रीमती सुनीता संजय साहू
अध्यक्ष
जनपद पंचायत गुरूर
श्री दुर्गानंद साहू
उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत गुरूर
श्री नरेश मदन साहू
श्री झालेन्द्र कुमार साहू
श्री गुलाब राम सिन्हा
श्री आशीष साहू
श्री डॉ. हरिकृष्ण गंजीर
श्रीमती ममता विजय गौतम
श्रीमती संध्या अजेन्द्र साहू
श्रीमती दिनेश्वरी फागूराम सिन्हा
श्रीमती मीना फत्तेलाल साहू
श्रीमती गणेश्वरी खरेन्द्र
श्रीमती लता लक्ष्मीचंद साहू
श्री तानसिंह देहारी
श्रीमती तारादेवी ताम्रध्वज यादव
श्री हेमन्त कुमार गुरूपंच
श्रीमती प्रमिला रामस्वरूप साहू
श्रीमती संतोषी साहू
श्रीमती कौशिल्या भोजराम चन्द्रवंशी
श्री अजीत कुंजाम
श्रीमती सुभद्रा ईशाप्रकाश साहू
विनीत : जनपद पंचायत परिवार गुरूर एवं एक शुभचिंतक

## खबर संक्षेप

### भोथली में शुरु हुई श्रीमद् भागवत कथा

**गुरूर।** ग्राम भोथली में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 18 मार्च से किया जा रहा है, जिसका समापन 24 मार्च को होगा। कथावाचक आचार्य पुष्कर तिवारी दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक कथा श्रवण करा रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत 18 मार्च को कलश यात्रा के साथ हुई। 19 मार्च को श्रृष्टि वर्णन, ध्रुव चरित्र कथा हुई, 20 मार्च को प्रहलाद चरित्र, रामकृष्ण जन्म कथा होगी। 21 मार्च को कृष्ण लीला, गिरीराज पूजन कथा संपन्न होगा। 22 मार्च को गोपी प्रसंग, रूक्मिणी विवाह, 23 को सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष, चढ़ौत्री के बाद शोभायात्रा निकाली जाएगी। 24 मार्च को गीता प्रवचन हवन पूर्णाहूति संपन्न होगी।

### मोती और मछली पालन के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

**भिलाई।** मोती और मछली पालन के नाम पर छूट दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाला युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि वारिसी कालोनी तहसील धरमजयगढ जिला रायगढ जो हाल ही में अधीजात अपार्टमेंट न्यु शांति नगर शंकर नगर रायपुर निवासी दिनेश सरकार को पुलिस ने पकड़ लिया है। आरोपी दिनेश ने तालपुरी पारिजात अपार्टमेन्ट निवासी अभिषेक बंछोर को नमो एग्रीकल्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ऑफिस के नाम पर झांसा देकर जुलाई 2023 में मछली व मोती पालन करने के लिए 10 लाख 45 हजार का लोन देने पर 50 प्रतिशत तक की छूट के नाम पर नगदी रकम ठगा था। शिकायात के बाद आरोपी दिनेश सरकार की खोजबीन में पुलिस जुटी रही।

### पावर हाउस ब्रिज के नीचे खड़े कंडम वाहन पर कार्रवाई

**भिलाई।** पावर हाउस ब्रिज के नीचे लंबे समय से रखे गए कंडम वाहनों पर ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई कर चालान किया है। जब्त वाहनों को छावनी थाना में रखवा दिया गया है। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि ब्रिज के नीचे खडे कण्डम वाहनों को हटाने के लिए आस पास के गैरेज संचालको को हिदायत दिया गया था। लेकिन उक्त गैरेज संचालक, मालिकों के द्वारा अपनी वाहन ब्रिज के नीचे खडा करना पाया गया। जिस पर ट्रैफिक पेट्रोलिंग के द्वारा ब्रिज के नीचे खडे 20 वाहनों को क्रेन से उठाकर छावनी थाना में खडा किया गया। सभी वाहनों के उपर नो पार्किंग धारा के तहत ऑन लाईन चालान भी किया गया।

जल जतन पखवाड़ा के तहत ग्राम खैरवाही किया गया बोरी बंधान कार्यक्रम का आयोजन

# बोरी में रेत भरकर नाला को बांधा, रूके हुए पानी का किया जा सकेगा उपयोग






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला प्रशासन बालोद द्वारा जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए जल जतन अभियान के अंतर्गत जल जतन पखवाड़ा का आयोजन कर जिले भर में विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

- जिपं सीईओ डॉ कन्नौजे ने ग्रामीणों को बताया पानी का महत्व, जल संरक्षण के लिए किया प्रेरित

इसके अंतर्गत जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम खैरवाही स्थित नाला में जल संरक्षण हेतु जन भागीदारी से बोरी बंधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

बोरी बंधान कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, बिहान की महिलाएं और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी सामूहिक भागीदारी निभाते हुए बोरी में रेत भरकर उसे नाला में बांधने का कार्य किया। इससे अब नाला में बह रहे पानी को उपयुक्त मात्रा में रोककर उसका उपयोग किया जा सकेगा। इससे भूजल स्तर में भी बढ़ोत्तरी होगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने इस अवसर पर कहा कि आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए पानी का संरक्षण एवं संवर्धन बहुत जरूरी है। इसके लिए जिला प्रशासन बालोद द्वारा जिले में 12 मार्च से 21 मार्च तक जल जतन अभियान के अंतर्गत जल जतन पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इस दौरान जन सहयोग एवं विभिन्न विभागों के सामूहिक भागीदारी से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर ग्रामीणों को पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के उपायों की जानकारी दी जा रही है।






### हर घर में सोख्ता गड्ढा अवश्य बनाएं

डॉ कन्नौजे ने पानी के महत्व की जानकारी देते हुए हर घर में सोख्ता गड्ढा का अनिवार्य रूप से बनाने तथा बारिश के दिनों में बहने वाले पानी के लिए रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को धरातल में लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमें पानी का उपयोग और पानी की बचत के बारे में सोचना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम में बिहान की महिलाओं द्वारा जल संरक्षण के संबंध में नुक्कड़ नाटक एवं गीत–संगीत की प्रस्तुति भी दी गई।

## शहीद दुर्वासा निषाद कॉलेज में दिलाई गई एंटी रैगिंग की शपथ



**बालोद/अर्जुन्दा।** शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय में एंटी रैगिंग समिति द्वारा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को एंटी रैगिंग की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर समिति के संयोजक मोहित कुमार साव व सदस्यगण डॉ. प्रदीप कुमार प्रजापति, दीपिका कंवर, किशोर कुमार टंडन, प्रभा शर्मा, डॉ. कुसुम देवांगन, नरेंद्र साहू उपस्थित थे। समिति द्वारा रैगिंग व उससे संबंधित कानून व दंड की जानकारी दी गई।

## जनदर्शन में अपर कलेक्टर लकरा ने सुनी समस्याएं



**बालोद।** संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर जनदर्शन में पहुंचे लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। श्री लकरा ने नागरिकों से बारी–बारी से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।

## माहुद बी में सेन समाज ने बुजुर्गों का किया सम्मान



**लाटाबोड़।** गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम माहुद बी में सेन समाज द्वारा मंगलवार को होली मिलन का आयोजन किया गया। इकाई केंद्र माहुद बी में आयोजित कार्यक्रम में 60 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग व्यक्तियों का श्रीफल एवं गमछा देकर सम्मान किया गया। इस दौरान अध्यक्ष कुमेश सेन, उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष हेमंत सेन, सचिव माखनलाल सेन, सलाहकार दुजराम, जीवनलाल, गेंदलाल सेन व भूपेंद्र श्रीवास सहित सदस्य अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## पंचायत जोरातराई आर में करवाया गया बोर खनन



**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत जोरातराई आर में नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों ने पदभार ग्रहण करते ही गांव की प्रथम समस्या पेयजल संकट को दूर करने के लिए गांव में बोर खनन करवाया। नया बोर खनन से निश्चित ही ग्रामीणों को गर्मी के दिनों पेयजल संकट से मुक्ति मिलेगी। नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा कराए गए बोर खनन कार्य से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच बृजलाल साहू, उपसरपंच चन्द्रशेखर साहू सहित सभी पंच उपस्थित थे।

## पानी निकासी के लिए की गई नालियों की सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन अपनी घोषणाओं को पूरी करने के लिए निरंतर सक्रियता के साथ कार्य कर रहे हैं। इसके तहत वे नगर के सभी पन्द्रह वार्डों में पहुंचकर व्याप्त समस्याओं को दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। मंगलवार को नगर के मुख्य मार्ग सहित अंदरूनी क्षेत्र में सड़क किनारे पानी निकासी का निरीक्षण किया और नगर पंचायत की टीम के साथ इसकी व्यवस्था करवाई। इसके अलावा नगर के मुख्य मार्ग धमतरी चौक से बस स्टैंड तक सड़क किनारे पानी निकासी के लिए नाली को साफ करवाया। साथ ही पेयजल समस्या को दूर करने तांदुला नदी बघमरा एनीकेट में पाईप लगाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर नपं उपाध्यक्ष विजय सोनकर मुख्य कार्यपालिका अधिकारी किरण पटेल, अभियंता रूपेश राठिया, उमेश पटेल, स्वच्छता प्रभारी मिश्रा, छम्मन साहू सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।




## नवनिर्वाचित जिपं अध्यक्ष सरस्वती का किया सम्मान

**जामगांव आर।** जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू, भाजपा जामगांव आर मंडल निवर्तमान अध्यक्ष लालेश्वर साहू, भाजपा युवा मोर्चा जामगांव आर मंडल अध्यक्ष नारद साहू ने नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे से सौजन्य भेंट कर उनका सम्मान किया।



## शाला प्रबंधन समिति की बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की मासिक बैठक हुई। बैठक में ग्राम पंचायत चिल्हाटीकला की नव निर्वाचित सरपंच हुमलेश्वरी भुआर्य का प्रधान पाठक व समस्त शिक्षक एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सदस्यों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। बैठक में रानी लक्ष्मीबाई आत्मा रक्षा प्रशिक्षण की राशि आहरण, वार्षिक परीक्षा, परीक्षा के बाद प्रयास माडल पेपर, 8वीं बोर्ड परीक्षा, शाला सुरक्षा तथा मध्यान्ह भोजन के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में सरपंच हुमलेश्वरी के साथ ही लीलाधर भूआर्य एसएमसी अध्यक्ष, अनिता उपाध्यक्ष, रोहित कुमार साहू, गंगेश्वर दास, मनहरण पटेल, माधुरी विश्वकर्मा, नीरा बाई एवं ओम भुआर्य, कन्हैया कोसमा उपस्थित रहे।

## एनएचएम में संविलियन की मांग, मितानिनों ने सौंपा ज्ञापन



**गुण्डरदेही।** ब्लॉक के मितानिनों ने विधानसभा पहुंचकर विधायक कुंवर सिंह निषाद से मुलाकात की। इस अवसर पर मितानिन कार्यक्रम अंतर्गत ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, मितानिन प्रशिक्षक, मितानिन एवं हेल्पडेस्क फैसिलिटेटर को एनएचएम में संविलियन करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

## सुहागा बाई ने सामाजिक भवन के लिए किया सहयोग



**गुण्डरदेही।** ग्राम ढाबाडीह निवासी 100 वर्षीया सुहागा बाई साहू ने तहसील साहू संघ गुण्डरदेही को भू क्रय के लिए दान देकर सामाजिक सहयोग प्रदान किया है। बता दें कि तहसील साहू संघ गुण्डरदेही द्वारा सामाजिक सहयोग से 9 डिस्मिल भूमि खरीदी गई है। इसके लिए पूरे तहसील क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले सामाजिक बंधुओं से सहयोग की अपील की गई है। इसके तहत ग्राम ढाबाडीह निवासी सुहागा बाई ने आर्थिक सहयोग किया, ताकि समाज के लोगों में सहयोग की भावना बनी रहे। इस सहयोग के लिए तहसील साहू संघ के अध्यक्ष डॉ मानसिंह सार्वा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सामाजिक पदाधिकारी जेआर साहू, झगगर साहू, राजेंद्र साहू, रामनारायण साहू, जितेंद्र साहू, नेतराम साहू, पुरुषोत्तम साहू, कोमल साहू, भोजराम साहू, चूरामन साहू उपस्थित थे।

## नपाध्यक्ष प्रतिभा ने किया सीसी रोड का निरीक्षण



**बालोद।** नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी व लोक निर्माण विभाग के सभापति राजू पटेल ने वार्ड 20 और 15 में नव निर्मित सीसी रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड नंबर 15 के पार्षद गोकुल ठाकुर, भाजपा कार्यकर्ता वैभव राखेचा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं इंजीनियर उपस्थित थे।

लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में कर रहे अभ्यास

# नगर में तैयार हो रहे हैं क्रिकेट खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



नगर के लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में क्रिकेट खिलाड़ियों को रोजाना सुबह 6 बजे से 8 बजे तक क्रिकेट का कठोर अभ्यास वरिष्ठ खिलाड़ियों की देखरेख में करते देखा जा सकता है। प्रतिदिन सुबह क्रिकेट खिलाड़ियों की अच्छी खासी तादाद मैदान में उमड़ती है। क्रिकेट के सभी अंतरराष्ट्रीय नियमों के साथ खिलाड़ी क्रिकेट खेलते नजर आते हैं। क्रिकेट के शानदार माहौल में नगर से यकीनन बेहतर प्रतिभाएं निकलेंगी, इसमें दो मत नहीं। वरिष्ठ खिलाड़ियों शिव सिन्हा, मनीष दर्रो, शिवेन्द्र बहादुर, सौरभ शर्मा, सुदामा कुमार, लिलेश ठाकुर, पुरुषोत्तम कुमार के साथ-साथ युवा खिलाड़ी बबली रजक, लुकेन्द्र ठाकुर, बुद्धम, राहुल सोनकर, अनिल भोई, संदीप खरे, हरीश राजपूत, गोविंद राजपूत, देवेन्द्र साहू सहित अनेक खिलाड़ी लगातार क्रिकेट का अभ्यास कर रहे हैं। इससे नगर में युवाओं में खेल के प्रति सकारात्मक रूझान पैदा हो रहा है।

### बोरगहन में शुरू हुई क्रिकेट प्रतियोगिता



**गुण्डरदेही।** बुधवार को ग्राम बोरगहन में जय मां भरारीपाठ क्रिकेट समिति के तत्वावधान में पांच दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम पंचायत बोरगहन फूण्डा के नवनिर्वाचित सरपंच प्रतिमा देशलहरे एवं पंचों द्वारा किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष नोहर चतुर्वेदी ने बताया कि प्रथम पुरस्कार 11111 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 7777 रूपये, तृतीय पुरस्कार 4444 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 3333 रुपए एवं वीनर कप समिति द्वारा रखा गया है। इसके साथ ही अनेक अन्य आकर्षक इनाम भी रखे गए हैं। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस कुल सात टीमों ने हिस्सा लिया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से - 16 मई से 23 मई 2025 (08 दिन)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 मई से 16 मई 2025, 06 जून से 13 जून 2025
25 जुलाई से 1 अगस्त (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)/अयोध्या (श्री राम जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411